53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.4 °c
अधिकतम 32.8 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:04, सूर्यास्त - 6:23 | वर्ष : 53/अंक : 256 मंगलवार, 16 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, दशमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जो रिश्ते खामोशी से बनते हैं, वो शब्दों के मोहताज नहीं होते।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राजद और कांग्रेस घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकाल रही हैं : मोदी




जिनको जनता नकार देती है.... वो यूँ हीं दाएं बाएं चलते हैं....

# काली नदी में हजारों मछलियां तैरती देख पकड़ने को दौड़े लोग

**मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)।** सोमवार को सुबह ही काली नदी पर लोगों का हुजूम लगा दिखाई दिया। पहले लोगों ने पुल से खड़े होकर देखा, उन्हें लगा कि हजारों मछलियां एक साथ काली नदी में तैर रही हैं। मगर यह देखकर किसी को यकीन नहीं आया और लोग काली नदी में नीचे उतर गए। नीचे उतर देखा तो वास्तव में हजारों मछलियां काली नदी के अंदर तैर रही थी जो लम्बे अरसे से कभी नहीं देखी गयी। ऐसे में जिन लोगों को मछली खाने और बेचने का शौंक था वे मछलियो पर टूट पड़े और उन्होंने इन्हें पकड़ने का भरसक प्रयास किया। ये दृश्य देखकर काली नदी के पुल पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी और सभी में एक ही चर्चा दिखाई दी कि इस नदी में तो कई वर्षों के बाद इतनी मछलियां एक साथ दिखाई दे रही हैं। ये दृश्य देखकर पशु प्रेमी तो रोमांचित हो उठे मगर मछलियां बेचने और खाने वालों ने किसी प्रकार की कोई कोर कसर इन्हें पकड़ने में नहीं छोड़ी। बाद में मौके पर पुलिस पहुंची और मछलियां पकड़ने वालों का तितर-बितर किया। पुलिस ने सावधान किया और कहा कि हो सकता है कि किसी फैक्ट्री से कोई कैमिकल छोड़ा गया हो, जिसके चलते उक्त मछलियां इतनी तेजी के साथ बहती हुई यहां तक चली आई हों। ऐसे में उनसे कोई छेड़छाड़ न करें और कोशिश करें कि लालच के वशीभूत होकर इन्हें खाने और बेचने से परहेज करें। मगर लालच की इस दुनिया में इस बात को मानता कौन है? जिसका जो दिल किया उसने वही किया। खूब मछलियां पकड़ी गयी और खाने वाले इन्हें लेकर भी गए। अब चाहे वो बीमार हों या सही यह जिम्मेदारी उनकी अपनी है, क्योंकि प्रशासन ने अपना काम बखूबी किया। बड़ी बात यह है कि मछलियां देखते ही इंसान तो इन मछलियों पर छपटे ही इंसानों के साथ साथ बगुले और अन्य मांसाहारी जीव चली, चिड़िया आदि घंटों नदी के ऊपर मंडराती रही और जिसका जैसे मौका लगा वह इन मछलियों को चोंच में दबाकर उठा ले गयी।





कुल मिलाकर घंटों तक हजारों मछलियों तक काली नदी में आना कौतूहल का विषय बना रहा। हालांकि प्रशासन इस बात की जांच में जुटा है कि इतनी मछलियां एक साथ कैसे आ गयी। या तो वे कहीं दूर से पानी में बहकर आई हैं या किसी फैक्ट्री के प्रदूषित जल के कारण ऊपर निकलकर आ गयी हैं। इस बात का स्पष्टीकरण जांच के बाद ही हो सकेगा।

## शगुन जन कल्याण संस्था के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला

**मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)।** सामाजिक संस्थाओं के नाम पर आए दिन धोखाधड़ी के नए-नए सामने सामने आने लगे हैं। फर्जी सामाजिक संस्थाएं उन संस्थाओं की साख को भी बट्टा लगा रही हैं, जो संस्थाएं समाज में ईमानदारी के साथ काम करती हैं। ऐसा ही एक मामला शगुन जन कल्याण सामाजिक संस्था के खिलाफ धोखाधड़ी का सामने आया है। मीरापुर की रहने वाली पिंकी नाम की महिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंची और बताया कि खुद उसकी सहेली पारुल कश्यप ने उसे एक संस्था से जोड़ने का आग्रह किया और कहा कि 1100 रुपये जमा करने पर 15 किलो राशन मिलेगा। पिंकी ने मेहनत मशक्कत कर 100 लोगों को संस्था का सदस्य बना दिया मगर पांच ही लोगों को राशन मिल पाया। बाकी के लोगों को झांसा दिया जाता रहा। बताया जाता है कि 300 लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के बाद पारुल कश्यप द्वारा पहले नम्बर ब्लॉक किया गया फिर व्यक्तिगत मिलने पर किसी प्रकार का कोई जवाब नहीं दिया गया। पिंकी ने संस्था के संचालकों शालू देवी, गुड्डू कश्यप, दीपक रोनी, सोहनवीर, भूरा कश्यप, ज्योति का नाम एसएसपी को शिकायत पत्र देते हुए दिया है और उनसे कार्यवाही की मांग की है।

## नियमित जांच के लिए जीएसटी टीम पहुंची नई मण्डी

**सन्मति ट्रेडर्स व अरहम ट्रेडिंग पर देर रात तक चली छापेमारी**



**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)।** सोमवार देर शाम नगर क्षेत्र में हुई जीएसटी की छापामारी से व्यापारिक क्षेत्र में हड़कंप सा मच गया। जीएसटी विभाग ने इस बीच एक साथ दो नामी बैटरी कारोबारियों के प्रतिष्ठानों पर बड़ी छापेमारी करते हुए वहां से बड़े स्तर पर हो रही कर चोरी से जुड़े दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया। इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में व्यापारियों में हड़कंप सा मच गया। सोमवार सायं को जीएसटी एसआईबी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन ब्रांच) की टीम डिप्टी कमिश्नर मनोज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में अचानक नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जानसठ रोड रेलवे पुल के नीचे स्थित सन्मति ट्रेड्र्स के ऑफिस पर जा पहुंची। जीएसटी टीम ने ऑफिस का घेराव करते हुए वहां घंटों तक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इस दौरान जीएसटी टीम ने बताया कि अभी मामले की जांच चल रही है। अभी जीएसटी चोरी की पुष्टि नहीं की जा सकती। इसी दौरान जीएसटी विभाग की दूसरी टीम ने पटेल नगर स्थित अरहम ट्रेडिंग कंपनी (बैटरी कारोबारियों की फर्म) के ऑफिस और गोदाम पर एक साथ छापा मारा। बताया जा रहा है कि यहां अरहम ट्रेडिंग कंपनी पटेल नगर से बड़े पैमाने पर बैटरियों का कारोबार करती है और यहीं गोदाम भी बना रखा है। इस बीच छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने कंप्यूटर, लैपटॉप, रजिस्टर और कई अन्य दस्तावेज कब्जे में ले लिए। विभागीय सूत्रों के अनुसार अभी जांच चल रही है और जांच के बाद ही विस्तार से बताया जायेगा कि उक्त फर्म में चोरी का कोई मामला है अथवा नहीं। माना जा रहा है कि मंगलवार तक टीम यह तस्वीर साफ कर देगी कि दोनों फर्मों पर कोई चोरी पकड़ी गयी है या फिर नियमित जांच के उद्देश्य से टीम अपना काम पूरा कर वापस लौट गयी। समाचार लिखे जाने तक विभागीय टीम के वरिष्ठ अधिकारी वहीं मौजूद थे।

## महिला सभासद फरीदा की बुखार से मौत

**▶▶ विपक्ष के झांसे में न आकर दिया था वफादारी का सबूत**

**बुढ़ाना, 15 सितम्बर (बु.)।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 09 की 34 वर्षीया महिला सभासद फरीदा उस्मानी की आज सोमवार की प्रथम रात्रि निमोनिया बुखार की चपेट में आ जाने से मेरठ शहर के एक निजी हस्पताल में उपचार के चलते मौत हो गयी। उनके निधन से बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। उनको दोपहर के समय 02 बजे के करीब मीराजी कब्रिस्तान में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में नम आंखों से सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। बताया जाता है कि सभासद फरीदा को 03 दिन पहले हल्का सा बुखार आया था, तब उनको कस्बे के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था, जहां हालत बिगड़ने पर उनको बीते दिवस मेरठ के निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अर्द्ध रात्रि साढ़े 03 बजे फरीदा ने दम तोड़ दिया। उनका शव आज सुबह बुढ़ाना में उनके आवास पर लाया गया, जहां मौहल्ले में शोक की लहर दौड़ गयी। सभासद फरीदा लगभग सवा 02 साल पहले दक्षिणी भटवाड़ा के वार्ड नंबर 09 से सभासद निर्वाचित हुई थी। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी शबाना मलिक को हराया था। फरीदा को अपने वार्ड से 630 वोट मिली थी, जिसमें वे निर्वाचित हुई थी। फरीदा ने अपना समर्थन मौजूदा चेयरपर्सन उमा त्यागी को दिया हुआ था। सूत्रों के अनुसार विपक्ष ने उनको अपने पाले में लेने के लिए बहुत मोटा लालच दिया था, लेकिन वे उनके ईमान को नहीं डगमगा सकी। फरीदा की दो पुत्री व दो पुत्र हैं। उधर फरीदा के पति नौशाद को लोगों ने सांत्वना दी।

## अतिक्रमण पर कार्रवाई: भगत सिंह रोड पर व्यापारियों ने किया सहयोग, दुकानदारों ने खुद ही हटाया अतिक्रमण

**मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)।** भगत सिंह रोड पर नगर पालिका द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान को इस बार लोगों का सहयोग मिला। इसके चलते नगर पालिका की टीम को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। कुछ दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान हटा लिया, जबकि कुछ के खिलाफ चालान की कार्रवाई कर अतिक्रमण हटवाया गया। काफी समय से भगत सिंह रोड पर अतिक्रमण के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शिकायतें मिलने के बाद नगर

शेष खबर = पृष्ठ-4 पर





## एसएसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**▶▶ व्यापारी से हुई थी लाखों रुपये की संपत्ति की लूट ▶▶ घटनास्थल का निरीक्षण करते एसएसपी संजय वर्मा**

**बुढ़ाना, 15 सितम्बर (बु.)।** जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा आज सोमवार के दिन एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ के साथ बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में उस स्थान पर पहुंचे, जहां पर बीती रविवार की सुबह तीन अज्ञात तमंचेधारी लुटेरों ने सर्राफा व्यापारी दादा व पौत्र से लाखों रुपये की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात, 04 हजार रुपये की नगदी और मोबाइल लूट लिया था। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने काफी देर तक घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के साथ-साथ बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री को लूट के खुलासे के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पीड़ित सर्राफा व्यापारी को भी जल्दी से जल्दी सही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया और कहा कि वे पीड़ित परिवार के साथ हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार से भी घटना की पूरी जानकारी ली। एसएसपी ने इसके लिए 03 टीमे गठित की हैं। उधर दूसरी और बुढ़ाना पुलिस लूट की इस बडी घटना को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू की जांच-पड़ताल में जुट गयी है। जल्दी ही इस घटना का सही खुलासा होगा, इससे भी पुलिस ने इंकार नहीं किया है। इस दौरान गढ़ी चौकी इंचार्ज भी मौजूद रहे।



## प्रेमपुरी में स्कूल बस के नीचे आए बाइक सवार, बाल-बाल बचे

**मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)।** नगर कोतवाली क्षेत्र के प्रेमपुरी चौक पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रोंग साइड से आ रहे एक बाइक सवार की लापरवाही ने उसे लगभग मौत के मुंह में धकेल दिया था, जब उसकी बाइक एक स्कूल बस के ठीक नीचे जा घुसी। गनीमत रही कि बाइक सवार को कोई गंभीर चोट नहीं आई और उसकी जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नगर कोतवाली क्षेत्र में यातायात सामान्य था। इसी दौरान, डीएवी पब्लिक स्कूल आवास विकास सर्कुलर रोड की बस पहले फक्कर शाह चौक पर अचानक बंद हुई जिसको धक्का लगाकर किसी तरह चालू किया गया उसके बाद एक बार फिर बस प्रेमपुरी के मोड पर बंद हो गई। इस स्थिति में जाम लगना शुरू हुआ और इसी से बचने के लिए गलत दिशा से बाईक सवार ने निकलने का प्रयास किया और फंस गया इसी दौरान बस को धक्का दिया ही जा रहा था, तो बस चल पड़ी पर बाइक बस के नीचे जा फंसी, मर गया बचाओ बचाओ की आवाज सुनकर ड्राईवर डर गया और बस को छोड़कर फरार हो गया। मौके पर शामली स्टैंड चौकी प्रभारी देवपाल मौके पर पहुंचे और उन्होंने यातायात को सुचारू रूप से चालू कराया। इस दौरान स्कूल की टीम द्वारा बस में सवार बच्चों को दूसरे वाहन से भिजवाया गया और बस को रोड़ साइड धक्का लगाकर लगवाया गया। बड़ी मशक्कत के बाद बस को स्कूल संचालकों द्वारा मौके से हटवाया गया। घटना में खबर लिखे जाने तक थाने में किसी भी शिकायत कर्ता द्वारा कोई भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई थी।





## गृह क्लेश में युवक ने फांसी लगाकर जान दी, सुबह पेड़ से लटका मिला शव

**मीरापुर, 15 सितम्बर (बु.)।** क्षेत्र के गांव बलीपुरा में गृह क्लेश के चलते एक युवक ने दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर स्थित एक बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के गांव बलीपुरा निवासी शुभम पुत्र यशपाल (18 वर्ष) का किसी बात को लेकर अपने परिजनों से विवाद हो गया था। विवाद के कारण शुभम रविवार की रात्रि में बाइक लेकर अपने घर से चला गया था, जिसको परिजनों ने काफी तलाश किया, किन्तु रात्रि में शुभम की कोई जानकारी नहीं लग सकी। सोमवार की सुबह शुभम का शव गांव के ही समीप दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर स्थित एक बाग में पेड़ पर लटका हुआ मिला और उसकी बाइक भी वहीं स्टार्ट खड़ी मिली। सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गए और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला नजर आ रहा है, फिर भी मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## नहीं बनी बात, नगरपालिका में आज से शुरू होगी हड़ताल

**▶▶ पालिका में दो अफसरों सहित 12 लोगों का रोका गया है वेतन**

**▶▶ कर्मचारी संगठन द्वारा 3 दिन पूर्व ईओ को सौंपा गया था पत्र**

**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)।** नगरपालिका प्रशासन और कर्मचारियों के बीच तनातनी अब हड़ताल तक पहुंच गई है। बीते दिनों ऑडिट टीम की रिपोर्ट और असहयोग के लगे आरोपों के बाद पालिका प्रशासन ने दो अफसरों सहित 12 कर्मियों का वेतन रोक दिया। इससे नाराज कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारी संगठन ने 3 दिन पूर्व ही ईओ को पत्र सौंपकर चेतावनी दी थी कि यदि वेतन जारी नहीं किया गया तो कामबंद हड़ताल की जाएगी। इसे लेकर कर्मचारी नेताओं से कोई वार्ता नहीं होने के कारण अब आज से कर्मचारी कार्य-बहिष्कार और पूर्ण हड़ताल पर रहेंगे। पालिका में बीते दिनों कुछ प्रकरणों की शिकायत के आधार पर शासन से स्वास्थ्य, निर्माण, संपत्ति और कर विभाग का विशेष ऑडिट कराने के निर्देश दिये थे। इसे लेकर विशेष ऑडिट टीम ने नगरपालिका में यह कार्य प्रारम्भ भी कर दिया, लेकिन स्वास्थ्य, निर्माण के साथ कर विभाग के अफसरों एवं कर्मियों ने ऑडिट टीम को वांछित दस्तावेज, सूचना और प्रकरणों से जुड़ी पत्रावलियां उपलब्ध नहीं कराने की शिकायत टीम प्रभारी ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से की और शासन में रिपोर्ट भेज दी थी। इसे लेकर ईओ ने दो अधिकारियों और कुछ कर्मचारियों का वेतन पत्रावलियां उपलब्ध कराने तक रोक दिया। इसके साथ कुछ कर्मियों पर बिना बताये अवकाश पर चले जाने, निर्देशों का उल्लघंन और कार्य के प्रति लापरवाही के आरोप में ईओ ने वेतन रोकने व काटने के निर्देश लेखाकार प्रीति रानी को दिये थे। इसे लेकर बखेड़ा खड़ा हो गया। स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन उत्तर प्रदेश की शाखा अध्यक्ष ब्रजमोहन व महामंत्री सुनील वर्मा ने बताया कि ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह द्वारा एई निर्माण नेपाल सिंह, कार्यवाहक कर अधीक्षक पारूल यादव के साथ ही लिपिक प्रवीण कुमार, फिरोज खां, राजीव वर्मा, नितिन कुमार, शोभित सिंघल के साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मियों वसीम अहमद, अरूण कुमार, इमरान, बिजेन्द्र कुमार आदि का वेतन रोका गया है। ये सीधे तौर पर कर्मियों का उत्पीड़न है और इस निर्णय से कर्मियों में नाराजगी है। संगठन ने 12 सितम्बर को ईओ को पत्र लिखकर समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी थी कि यदि समाधान नहीं होता तो कार्य बहिष्कार किया जायेगा। इसके लिए माना जा रहा था कि ईओ संग वार्ता से समाधान हो जायेगा, लेकिन सोमवार को ईओ और संगठन के नेताओं के बीच वार्ता नहीं होने के कारण हड़ताल का संकट गहरा गया है। यूनियन अध्यक्ष ब्रजमोहन ने कहा कि आज उन्हें कर्मचारियों के वेतन संकट के समाधान के लिए वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया है, तीन दिन का समय दिया था, जो सोमवार को पूरा हो गया है। यूनियन ने मंगलवार से कार्य बहिष्कार के साथ अब कामबंद हड़ताल की तैयारी कर ली है। सभी कर्मियों का वेतन जारी होने तक आंदोलन जारी रखा जायेगा।

***"ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि वेतन को लेकर टकराव जैसी कोई स्थिति नहीं है, वो पूरे दिन अपने कार्यालय में विभागीय काम काज निपटाने के लिए उपस्थित रही। इस संबंध में उनके साथ वार्ता करने के लिए कोई नहीं आया। बिना बताये अवकाश पर रहने के कारण लिपिक नितिन, फिरोज और शोभित का एक दिन का वेतन काटा गया है, पूरा वेतन नहीं रोका गया। दूसरे मामलों में भी लेखाकार को नियमानुसार कार्यवाही के लिए कहा गया है। ऑडिट टीम की शिकायत के आधार पर कुछ लोगों का वेतन जरूर रोका गया है, जो शासन का मेटर है। संगठन का पत्र उन्हें आज ही प्राप्त हुआ है। हड़ताल पर जाने जैसा कोई मुद्दा नहीं है।"***







1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## वक्फ बोर्ड कानून पर सुप्रीम रोक नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने कानून में किए गए 3 बड़े बदलावों पर अंतिम फैसला आने तक स्टे लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा है कि पूरे कानून को रोकने का अधिकार उसके पास नहीं है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि हमने कहा है कि हमेशा पूर्व धारणा कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होती है और हस्तक्षेप केवल दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों में किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने अंतरिम आदेश के प्रभावी अंशों को लिखवाते हुए कहा कि हमने माना है कि पंजीकरण 1995 से 2013 तक अस्तित्व में रहा है, और अब भी है। इसलिए हमने माना है कि पंजीकरण कोई नई बात नहीं है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि उसकी ये टिप्पणियाँ केवल प्रथम दृष्टया प्रकृति की हैं और वे पक्षकारों को इस ऐक्ट की वैधता को चुनौती देने वाले आगे के तर्कों से नहीं रोकेंगी। फिलहाल इस फैसले से दोनों पक्ष गद्गद् नजर आ रहे हैं और इसे संतुलित निर्णय बता रहे हैं। बोर्ड के कुल 11 सदस्यों में से 3 से ज्यादा गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे। कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के उस प्रावधान पर रोक लगा दी है, जिसके अनुसार वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति को 5 वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना जरूरी था। यह प्रावधान तब तक के लिए स्थगित रहेगा, जब तक राज्य सरकारें यह निर्धारित करने के लिए नियम नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है या नहीं।कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम के उस प्रावधान पर रोक लगा दी है, जिसके तहत सरकार की तरफ से निर्धारित अधिकारी को यह तय करने का अधिकार दिया गया था कि वक्फ संपत्ति ने सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण किया है या नहीं। इससे पहले 22 मई को लगातार तीन दिन की सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ताओं ने कानून को मुसलमानों के अधिकारों के खिलाफ बताया और अंतरिम रोक लगाने की मांग की थी। वहीं, केंद्र सरकार ने कानून के पक्ष में दलीलें रखी थीं। बहस सरकार की उस दलील के आसपास रही थी, जिसमें कहा गया था कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। इसलिए यह मौलिक अधिकार नहीं है। वक्फ को इस्लाम से अलग एक परोपकारी दान के रूप में देखा जाए या इसे धर्म का अभिन्न हिस्सा माना जाए। इस पर याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कहा था, परलोक के लिए वक्फ ईश्वर को समर्पण है। अन्य धर्मों के विपरीत, वक्फ ईश्वर के लिए दान है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा था, धार्मिक दान केवल इस्लाम तक सीमित नहीं है। हिंदू धर्म में भी 'मोक्ष' की अवधारणा है। दान अन्य धर्मों का भी मूल सिद्धांत है, तभी जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने भी सहमति जताते हुए कहा कि ईसाई धर्म में भी स्वर्ग की चाह होती है। केंद्र की ओर से तुषार मेहता ने सेक्शन 3-इ पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि सेक्शन 3-इ अनुसूचित क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली भूमि पर वक्फ के निर्माण पर रोक लगाता है। यह प्रोविजन अनुसूचित जनजाति के संरक्षण के लिए था। वहीं, कपिल सिब्बल ने कहा था कि नए कानून में ऐतिहासिक और संवैधानिक सिद्धांतों को दरकिनार कर दिया गया है। सरकार गैर-न्यायिक प्रक्रिया से वक्फ को हथियाना चाहती है। इसके बाद कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से कहा कि राहत के लिए मजबूत दलीलें लाइए। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कोई संपत्ति आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के संरक्षण में है, तो वह वक्फ संपत्ति नहीं हो सकती। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें दीं। उन्होंने कहा, वक्फ बाय यूजर मौलिक अधिकार नहीं। यह विधायी नीति द्वारा 1954 में दिया गया था। संविधान के तहत इसे वापस लिया जा सकता है। सरकार ने यह अधिकार वापस ले लिया।राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद 5 अप्रैल को वक्फ बिल कानून बना केंद्र ने वक्फ संशोधन बिल, 2025 को अप्रैल में अधिसूचित किया था। इसे 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई थी। इस बिल को लोकसभा ने 288 सदस्यों के समर्थन से पारित किया, जबकि 232 सांसद इसके खिलाफ थे। अब कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम के उस प्रावधान पर रोक लगा दी है, जिसके तहत सरकार की तरफ से निर्धारित अधिकारी को यह तय करने का अधिकार दिया गया था कि वक्फ संपत्ति ने सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण किया है या नहीं। 25 अप्रैल को केंद्र ने 1300 पेज का हलफनामा दायर किया था केंद्र ने हलफनामे में कहा था कि कानून पूरी तरह संवैधानिक है। यह संसद से पास हुआ है, इसलिए इस पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। 1332 पन्नों के हलफनामे में सरकार ने दावा किया था कि 2013 के बाद से वक्फ संपत्तियों में 20 लाख एकड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ। इस वजह से कई बार निजी और सरकारी जमीनों पर विवाद हुआ। सॉलिसिटर जनरल बोले, लाखों सुझावों के बाद कानून बना। मेहता ने कहा था कि संसद से उचित विचार-विमर्श के साथ पारित कानून पर सरकार का पक्ष सुने बिना रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा था कि लाखों सुझावों के बाद नया कानून बना है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जिनमें गांवों को वक्फ ने हड़प लिया। कई निजी संपत्तियों को वक्फ में ले लिया गया। इस पर बेंच ने कहा कि हम अंतिम रूप से निर्णय नहीं ले रहे हैं। इस फैसले पर मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि हम लोगों की मांग थी कि पूरे अधिनियम पर रोक लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया। लेकिन कोर्ट ने कई प्रावधानों पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि अंतरिम आदेश में कुछ प्रावधानों पर रोक का स्वागत करते हैं, जैसे कि जो व्यक्ति वक्फ बनाना चाहता है, उसे कम से कम 5 साल तक प्रैक्टिसिंग मुस्लिम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि धारा 3 और 4 पर रोक एक बहुत ही स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने कहा कि सीईओ मुस्लिम समुदाय से होना चाहिए। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट से इस तरह के फैसले की उम्मीद थी। अब वक्फ की जमीनों पर भू माफिया के कब्जे हटेंगे। उससे होने वाली आमदनी गरीब और कमजोर मुसलमानों के उत्थान के लिए खर्च की जाएगी। वहीं अंतरिम आदेश पर उलेमाओं ने संतोष जताया। वक्फ बोर्ड का सीईओ मुस्लिम ही होगा एवं अन्य कई चीजों पर स्टे लग जाने से उलेमा खुश हैं, यह अलग बात है कि वक्फ संशोधन कानून पर पूरी तरह रोक नहीं लगी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'तारा' 'सितारा' 'शौक' 'चालबाजी'

एक तारा है इक सितारा है, जोड़ी दोनों की उलझी-उलझी है,
बात दोनों की निचले दर्जे की,शौक दोनों को है सियासत का।
एक मूरख है एक जाहिल है, अक़्ल दोनों ही की नदारद है,
चालबाजी में दोनों रहते हैं,ढोल बजता नहीं शराफत का।

## संजीवनी हॉस्पिटल का अल्ट्रासाउंड सेंटर सील, कई पर छापेमारी

चरथावल, 15 सितम्बर (बु.)। कस्बे में संजीवनी अस्पताल में चल रहे फर्जी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर एसीएमओ विपिन कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अल्ट्रासाउंड मशीन बन्द पाई गयी, फिलहाल सेंटर का दुरुपयोग न हो इसको लेकर सील लगाई गई। एसीएमओ विपिन कुमार द्वारा जानकारी देते हुए



बताया गया कि डीएम उमेश कुमार मिश्रा के आदेशानुसार टीम का गठन कर छापेमारी की गयी। चरथावल क्षेत्र में चल रहे फर्जी अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा आरोग्य अल्ट्रासाउंड सहित कई केंद्रों पर भी टीम द्वारा छापेमारी की गई, परंतु वह बंद पाए गए।

## जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज में हुआ जॉब प्लेसमेंट का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)। सोमवार को जैन कन्या पाठशाला डिग्री कॉलेज में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्किट ऑफ इंडिया, प्लेसमेंट एंड इनोवेशन सेल, एल्युमनी एसो, जेकेपी पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में फाइनेंशियल एजुकेशन एंड कैरियर गाइडेंस विषय पर पांच दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम शुभारंभ प्राचार्या प्रो. सीमा जैन, राजीव जैन व जलज जैन आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्राचार्या प्रो. सीमा जैन ने छात्रों को स्वावलंबी बनने पर जोर देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर 2 बजे तक किया गया। इसमें करीब 100 बच्चों ने प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम में राजीव जैन ने सभी विद्यार्थियों को अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कैरियर के बारे में नयी जानकारी समझाते हुए सारथी ऐप की महत्ता




छात्राओं से साझा की। म्युचुअल फंड एवं लिक्विडिटी बॉन्ड के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज की प्लेसमेंट एंड इनोवेशन सेल समन्वयक डॉ. सविता वशिष्ठ, सह समन्वयक मनीषा अग्रवाल, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ.अक्षय कुमार एल्युमनी एसोसिएशन समन्वयक डॉ. सविता वशिष्ठ, डॉ. वरचसा सैनी, डॉ. पारुल जैन, डॉ. अमर दीप गोयल आदि मौजूद रहे।

## डीएवी कॉलेज में समस्या निवारण प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

### - कॉलेज स्तर पर होगा अब विश्वविद्यालय स्तरीय समस्याओं का निदान

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)। सोमवार को डीएवी डिग्री कॉलेज में विश्वविद्यालय स्तरीय छात्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ द्वारा एक शिविर आयोजित किया गया। माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के आदेश पर सोमवार को संपन्न हुए शिविर का उद्देश्य मुजफ्फरनगर जनपद के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यार्थियों की लंबित समस्याओं का समाधान करना था। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में गठित इस सेल में विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं के निवारण हेतु आवश्यक दस्तावेज और पूरा विवरण नाम, पता महाविद्यालय का नाम, कक्षा, नामांकन संख्या, मोबाइल नंबर और ईमेल आदि जमा करने के लिए कहा गया था। कॉलेज प्राचार्या प्रो. गरिमा जैन ने विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर छात्रों से जुड़ने और उनकी परेशानियों को समझने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि कॉलेज द्वारा अपने विद्यार्थियों की समस्याओं को पहले ही विश्वविद्यालय को अग्रसारित की जाती रही है, परन्तु इस आयोजन से जनपद के सभी छात्रों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विश्वविद्यालय तक न जाकर जनपद में ही अपनी समस्याओं के लिये अब आवेदन दे सकेंगे।



## टीईटी को लेकर सड़कों पर उतरे शिक्षक, किया विरोध प्रदर्शन

### - सुप्रीम कोर्ट से मांग, शिक्षकों का पक्ष भी अवश्य सुना जाए

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)। सोमवार को सड़कों पर उतर उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के तत्वावधान में बेसिक शिक्षा विभाग के दर्जनों शिक्षकों ने मुजफ्फरनगर के डीएम कार्यालय पर पहुंच विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लेकर जोरदार आवाज उठाते हुए निर्णय को वापस लिए जाने की मांग की। डीएम कार्यालय पहुंचे शिक्षकों ने सामूहिक रूप से इस दौरान यहां एकत्रित होकर प्रशासनिक अधिकारी को प्रधानमंत्री और प्रदेश के शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने इस ज्ञापन में विभिन्न लंबित मांगों के साथ स्पष्ट कहा कि यह निर्णय देने से पूर्व सुप्रीम कोर्ट हमारा भी पक्ष सुने। उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष ब्रज सिंह राठी, पूर्व महिला शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष वंदना बालियान के नेतृत्व में शिक्षकों का बड़ा समूह कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुआ। शिक्षकों ने एकत्रित होकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों की योगयता के प्रति दिये गये निर्णय को लेकर चर्चा की। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिए अधिकतम दो वर्ष में टीईटी करने की अनिवार्यता शिक्षकों पर बोझ बन गई है। शिक्षकों ने प्रधानमंत्री और शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन दिया, जिसमें अवगत कराया कि भर्ती के मानक पूरा करने वाले शिक्षकों को वरीयता के अधार पर सेवा में लिया गया है। कुछ भर्ती में नियुक्त शिक्षक टीईटी परीक्षा देने के लिए आवश्यक योग्यता नहीं रखते हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से कुछ शिक्षक मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। शिक्षकों ने मांग की कि इस निर्णय को लेकर सुप्रीम कोर्ट में शिक्षकों को पक्ष सुनने का समय लिया जाए। ज्ञापन देने वालों में शिव कुमार जावला, धीर सिंह, अली नवाज, संजीव शर्मा, सुधीर कुमार, अंजू शर्मा, प्रदीप कुमार, रश्मि, वीना, विकास आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## पंजाब राहत कोष में कलेक्ट्रेट कर्मियों ने दिए एक लाख रुपए

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)। बीते दिनों पड़ोसी राज्य पंजाब में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की मदद को देशभर में दिखाई दिए उत्साह के बीच मुजफ्फरनगर के कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक लाख रुपये की राहत राशि जुटाई है। कर्मियों द्वारा एकत्र सहयोग राशि सोमवार को उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ शाखा के सभी पदाधिकारियों ने एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह और एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार को सौंपी। इसके बाद उक्त धनराशि औपचारिक रूप से पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराई गई। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में इस मौके पर संघ के अध्यक्ष अम्मार हैदर, सचिव मनीष शर्मा और संगठन मंत्री पुष्पेन्द्र कुमार सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। इन उपस्थित कर्मचारियों में मुख्य रूप से शैफालिका साहनी, नरेन्द्र कुमार, सुभाष राठी, पीयूष कुमार, सचिन कुमार, विजय कुमार, उपेन्द्र कुमार, संजय कुमार, दिनेश कुमार, कुलदीप कुमार और आशीष कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। अध्यक्ष अम्मार हैदर और सचिव मनीष कुमार शर्मा ने सभी कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में कलेक्ट्रेट परिवार का यह योगदान न सिर्फ मानवीय संवेदना बल्कि सामाजिक रूप से भी बड़ी जिम्मेदारी का प्रतीक है। इसके साथ ही उन्होंने समाज के अन्य वर्गों से भी अपील की कि वे आगे आकर राहत कार्यों में सहयोग करें।

## किशोरी को अगवा कर रेप करने के मामले में फरार आरोपित को पुलिस ने हरियाणा से किया गिरफ्तार



चरथावल, 15 सितम्बर (बु.)। थानाक्षेत्र में किशोरी को अगवा कर रेप करने के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया तथा किशोरी को बरामद कर लिया गया। इस मामले में पिता द्वारा आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। चरथावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति द्वारा दर्ज कराये मुकदमे में बताया गया कि 11/12 सितंबर की रात्रि को उसकी 14 वर्षीया पुत्री को दधेडू निवासी गौतम बहला-फुसलाकर भगा ले गया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि सूचना पर एसआई अरुण बंसल ने टीम के साथ मिलकर आरोपित गौतम को जगाधरी हरियाणा से गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया। आरोपित को किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



## एसडी इंटर कॉलेज प्रांगण में पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)। सनातन धर्म इंटर कॉलेज के प्रांगण में ए सोशल यूनिटेक टच संस्था ने प्रधानाचार्य आदित्य प्रकाश सक्सेना के निर्देशन में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण से जुड़ी जानकारी देते हुए समाज के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे लिए कितने आवश्यक हैं, ऑक्सीजन देते हैं, पानी देते हैं, वर्षा करने में सहायक होते हैं व बाढ़ रोकने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि भूमि के कटाव रोकने में सहायक होने के साथ तापमान में कमी करते है आदि जानकारियां छात्रों को दी गई। कार्यक्रम में संस्कृत प्रवक्ता अरविंद कुमार ने सभी छात्रों और अध्यापकों को पर्यावरण संबंधी शपथ दिलवाते हुए सभी को एक पेड़ अवश्य लगाने के लिए इस बीच प्रतिबद्ध किया। इस संस्था का उद्देश्य बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में डॉ. राजबल सैनी प्रवक्ता कला का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अनिल मित्तल, अंग्रेजी प्रवक्ता राहुल कुमार, मनोज कुमार, मनीष गर्ग व संजय सिंह आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## नायब तहसीलदार को 25 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

### - बड़ौदा में किसान मजदूर संगठन की पंचायत हुई

बुढ़ाना, 15 सितम्बर (बु.)। सोमवार को गांव बड़ौदा में 25 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान मजदूर संगठन की पंचायत हुई, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह ने नायब तहसीलदार अमन सिंह को ज्ञापन देते हुए बताया कि शुगर मिल भसाना का भुगतान जल्द दिलाया जाए। खेत की बिजली लगातार 10 घंटे दी जाये, जो कटौती है, उसे पूरी की जाए। घरों के सब बिल ठीक कराये जायें, स्मार्ट मीटर न लगाये जायें। आवारा गौवंश गौशाला भेजकर किसानों का निदान हो। चौगामा नहर में लगातार कल्लरपुर गंगनहर से पानी छोड़ा जाये। बड़ौदा नहर का किसानों को मुआवजा मिले। गैंडबरा की रुकी नहर खुदाई कर पूरी की जाये, तहसील में किसानों के अंश ठीक किये जायें। लेखपाल व अन्यों ने प्राईवेट आदमी रखे हुये हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाये। बिराल अटाली, उकावली में चकबन्दी भ्रष्ट मुक्त करायी जाये, राजपुर से परासौली, कुरालसी से कमरूदीननगर सड़क जर्जर हालत में हैं, तुरन्त बनाई जाये, कितास गांव में विनय, योगेन्द्र के नाम बीते वर्ष नवम्बर में दाखिल खारिज हो चुके थे, जबकि इसी वर्ष 21 अप्रैल में दाखिल खारिज निरस्त कर वापसी जमील विक्रेता के नाम कर दी गयी। बिराल गांव में हाईस्कूल के ऊपर 11 हजार की विद्युत लाईन गुजर रही है, उसे तुरंत हटाई जाये। उकावली में पीरु के घर से जबरदस्ती 11 हजार की लाईन निकाल दी गयी, उसे तुरंत हटाई जाये। बिराल इन्टर कॉलिज में शिक्षक नहीं है, व्यवस्था करायी जाये। अटाली में टंकी पर कोई आपरेटर नहीं आपरेटर छोड़ा जाये? जहां टंकी



लगी है, रास्ते खराब हैं ठीक कराये जाये। कुरालसी में टंकी कई जगहों से लिकेज है, उसे तुरन्त ठीक कराई जाए। बिराल गांव में पानी की टंकी लगी है, उसे तुरंत चालू कराएं। 18 एसएल, 56 एसएल, 43 एसएल सरकारी ट्यूबवैल की नाली लीकेज है, तुरंत ठीक कराई जाए। राजपुर छाजपुर, अटाली, हरियाखेडा में खसरा नम्बर 198, 197, 196 बंजर वृक्षारोपण खाद के गड्ढे को कब्जा मुक्त कराया जाये। बिजलीघरों पर गांव के लाईनमैन व एसएसओ को तुरंत हटाकर दूसरे गांवों के लगाये जायें। पीडब्ल्यूडी द्वारा दताना की सड़क तुरंत बनाई जाए। बिराल से भनेड़ा, एलम की सड़क तुरंत बनायी जाये। पीडब्ल्यूडी द्वारा कुरालसी व बिराल में जो सीसी बनी है, उसके बराबर में इन्टरलॉक लगाई जाए। राजपुर छाजपुर में गाटा संख्या 271, 1063, 2007 को कब्जा मुक्त कराई जाए। जौला में शमशान घाट कब्जा मुक्त कराया जाए। खसरा नम्बर 1458 है, जौला में टावर जियो की लाईन टाऊन से हटाकर अलग की जाये। अटाली में 1253 खसरा नम्बर कब्जा मुक्त कराया जाए। कुरालसी, बिराल व नगवा में डॉक्टर उपलब्ध कराया जाए। सब गांवों में खेत व ग्रामों के जर्जर तार बदले जायें। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रसवे की बराबर में सर्विस रोड दी जाये। गन्ने का भाव 500 रुपए प्रति कुंतल हो। गन्ने का भुगतान पूरा हो। किसानों की जमीन के दुरुस्त ठीक हों तहसील का भ्रष्टाचार खत्म कराया जाए। कुरालसी में शिवकुमार फौजी के घर के पास जलभराव से रास्त खराब है, तुरंत ठीक कराया जाए। यहां जिलाध्यक्ष लोकेश राणा, राष्ट्रीय सचिव कृष्ण पाल, सहारनपुर जिला अध्यक्ष अजब सिंह, जिलाध्यक्ष बागपत कालूराम हिलवाड़ी, तहसील अध्यक्ष कृष्ण राणा, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला सचिव ईश्वर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अमित राणा, महेश प्रधान, पूर्व चोबीसी अध्यक्ष घासीराम, सत्येंद्र, सुरेश माहिया आदि थे। यहां चेतावनी दी गयी यदि 23 सितम्बर तक सब मांगे पूरी न हुई, तो 24 से बुढ़ाना तहसील का ताला जड़कर अधिकारियों को भी आफिस में बैठने नहीं देंगे।

## गूगल ने ब्रांड एम्बेसडर और इंटर्नशिप के लिये चयन किया

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बुस.)। इंजीनियर्स-डे के अवसर पर जानसठ रोड, स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने नई ऊँचाई हासिल की। कॉलेज में बी.टेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में अध्ययनरत तीन मेधावी छात्रों प्रिया गुप्ता, निखिल तोमर और माधव कात्यायन का चयन गूगल इंडिया के गूगल जेमिनी एआई परीक्षण प्रोग्राम के तहत गूगल इंटर्नशिप के लिए हुआ है। गूगल ने एस. डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इन तीन छात्रों को कैंपस ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। छात्रों का चयन प्रारंभिक जांच प्रक्रिया और इंटरव्यू के बाद हुआ। इस इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को गूगल जेमिनी एआई ट्रायल्स को अपने कैंपस में प्रमोट करने, जागरूकता फैलाने, 1,500 से अधिक ट्रायल्स पूरे कराने और विभिन्न वर्कशॉप/इवेंट्स आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही इन्हें गूगल की ओर से नए प्रोजेक्ट्स पर काम करने और रिसर्च-आधारित अनुभव प्राप्त करने का भी अवसर मिलेगा। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने इस उपलब्धि पर कहा कि हमारे छात्रों की यह सफलता एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और नियमित मार्गदर्शन का परिणाम है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हमारे विद्यार्थी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह उपलब्धि न केवल कॉलेज का नाम रोशन करती है बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी क्षमताओं को पहचानने और नई ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए प्रोत्साहित करती है। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि इंजीनियर्स-डे जैसे खास दिन पर हमारे छात्रों का गूगल इंटर्नशिप के लिए चयन तथा कैंपस ब्रांड एम्बेसडर होना, पूरे संस्थान के लिए गौरव की बात है। यह अन्य विद्यार्थियों को भी नवाचार, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास की ओर प्रेरित करेगा। संस्थान के छात्र निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हैं, और यह सफलता संकाय की समर्पित शिक्षण शैली व गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का प्रतिफल है।



## शाहपुर में श्री आदर्श रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ आगामी 17 सितंबर को

### - वृंदावन की विश्व प्रसिद्ध कला मंडली एक पखवाड़े तक करेगी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र का वर्णन

शाहपुर, 15 सितम्बर (बु.)। बहु प्रतीक्षित श्री आदर्श रामलीला महोत्सव का एक बार फिर भव्य आयोजन होगा। वृंदावन धाम की विश्व प्रसिद्ध कला मंडली के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का सजीव चित्रण देखने को मिलेगा। एक पखवाड़े तक चलने वाले श्री आदर्श रामलीला महोत्सव का शुभारंभ आगामी 17 सितंबर से होगा। आयोजन को मूर्त रूप देने में कमेटी के पदाधिकारी जी जान से जुटे हुए हैं। 2 अक्टूबर को राजतिलक के साथ महोत्सव का समापन होगा। िपछले कई दशकों से नगर के मेन बाजार स्थित श्री रामलीला मैदान में आयोजित होने वाला श्रीराम लीला महोत्सव जनपद ही नहीं अपितु पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है यहां कि रामलीला का मंचन दूर से दूर तक प्रसिद्ध है। इतना ही नहीं शाहपुर का दशहरा मेला भी सदैव ख्याति अर्जित करता रहा है। श्री आदर्श रामलीला कमेटी शाहपुर ने राम भक्तों के आग्रह पर भव्य श्रीराम लीला के मंचन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल भाई जी एवं अध्यक्ष सुनील मित्तल बताया कि इस बार श्री आदर्श रामलीला महोत्सव आगामी 17 सितंबर को प्रारंभ होकर भगवान राम के राजतिलक 2 अक्टूबर के साथ समापन होगा।

18 सितंबर को पुत्रेष्टि यज्ञ, 22 सितंबर को राम बारात, 24 सितंबर को राम बनवास, 25 सितंबर को भारत मिलाप एवं 2 अक्टूबर को दशहरे का विशाल मेला होगा। श्री आदर्श रामलीला का उद्घाटन सुधीर कुमार अग्रवाल अशोक अग्रवाल+शाहपुर वाले), गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट नोएडा वालों द्वारा होगा। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, विधायक राजपाल बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक होंगे।

उन्होंने बताया कि इस बार श्री रामलीला का मंचन पावन वृंदावन धाम की विश्व आदर्श रामलीला एवं कृष्ण लीला संस्था द्वारा होगा। श्री आदर्श रामलीला महोत्सव को लेकर नगर में हर्ष का माहौल है। कमेटी के समस्त पदाधिकारी आयोजन की तैयारियों को मूर्त रूप देने में जी जान से जुटे हुए हैं। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के प्रबंधक बालेश सिंघल, स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल, उपाध्यक्ष अरुण मित्तल, भंवर पाल कश्यप, अनिल बंसल आढती, मनोज अग्रवाल, प्रवेश गोयल, सुदेश अग्रवाल, डॉ. प्रदीप चौहान, सभासद विशाल गर्ग, सभासद सोनू सैनी, सभासद मनोज सैनी, विशाल कर्णवाल, अनिल गोयल, प्रमोद गर्ग, शिवम सिंघल, नीरज कर्णवाल गोल्डी, बृजमोहन कोरी, अक्षय गोयल, अंकित सिंघल, प्रवीण शर्मा, मनोज सैनी, राधेश्याम नामदेव, निशांत शर्मा आदि के साथ-साथ पवन सक्सेना, अनिल गोयल, मोहित बंसल, अनमोल सिंघल, हनु सिंघल आदि समस्त कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

## पुलिस ने आबकारी अधिनियम व छेड़छाड़ के मामले में फरार दो वारंटी पकड़े

चरथावल, 15 सितम्बर (बु.)। थानाक्षेत्र के ग्राम सैदपुरा कला से पुलिस ने आबकारी अधिनियम एवं मारपीट व छेड़छाड़ के आरोप में फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों वारंटियों को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में अलावलपुर चौकी प्रभारी गजेन्द्र सिंह ने हेड कांस्टेबल मौ. अजीब के साथ साथ मिलकर थानाक्षेत्र के ग्राम सैदपुरा कला से आबकारी अधिनियम व छेड़छाड़, मारपीट के मामले में न्यायालय से काफी समय से गैरहाजिर चल रहे वारंटी कल्लू पुत्र रघुनाथ व दीपक कुमार पुत्र जगदीश निवासी ग्राम सैदपुर कलां को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों वारंटियों को जेल भेज दिया है।



आवश्यकता है
शहर में बैंक्वेट हॉल हेतु एक मैनेजर की
अनुभव - 5 वर्ष
एक चौकीदार की
रहने की सुविधा के साथ
सम्पर्क करें-
M:.7417853000

## पूनम चौधरी का महिला कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत हुआ

मुजफ्फरनगर 15 सितंबर (बुस.)। मुजफ्फरनगर क्षेत्र के मंसूरपुर, बोपाड़ा व नावला आदि गांवों में क्रांतिसेना महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी का महिला कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर दर्जनों महिलाओं में क्रांतिसेना की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्रांतिसेना एक हिंदूवादी व जनता के हितों के लिए आवाज उठाने वाला संगठन है। उन्होंने सभी को क्रांतिसेना का हिस्सा बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा के क्षेत्र में टूटे-फूटे रास्तों पर जल भराव, गंदगी, विधवा, वृद्धावस्था पेंशन की समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कार्यवाही कराई जाएगी। इस अवसर पर आज जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी के साथ जिला उपाध्यक्ष पूनम चाहल, जिला उपाध्यक्ष अनीता चौधरी, मंसूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष पूजा शर्मा, बोपारा अध्यक्ष निधि शर्मा, मिथिलेश गिरी जिला सचिव आदि पदाधिकारी महिला मौजूद रही।



## कई मार्गो पर निकाली गयी शिवजी की बारात

बुढ़ाना, 15 सितम्बर (बु.)। कस्बा बुढ़ाना में आज सोमवार को सायं के समय शिवजी की बारात बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गयी। यह बारात जब नदी मंदिर रोड पर पहुंची, तो अखिल भारतीय व्यापार मंडल की बुढ़ाना ईकाई के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने शिवजी की बारात पर जमकर फूलों की वर्षा कर शिवजी की बारात का भव्य स्वागत किया। इस दौरान सभी शिवभक्तों को उन्होंने अपनी ओर से फ्रूटी और लस्सी का वितरण किया। इस दौरान यहां पर हिंदू-मुस्लिम एकता उस समय नजर आई, जब इस लस्सी वितरण कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के लोग भी नजर आए और उन्होंने भी शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से लाला सुरेन्द्र संगल, अरविंद गोयल, तनवीर कुरैशी, मंचित संगल, जगजीवन, लाला राजपाल और प्रेम त्यागी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री ने शिवजी की बारात आज देर रात में सकुशल सम्पन्न कराई।

## दीपांजली राठी ने 48वीं उप्र राज्य शूटिंग प्रतियोगिता का जीता खिताब

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बुस.)। श्रीराम कॉलेज की बीपीईएस द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपांजली राठी ने 48वीं उप्र राज्य शूटिंग प्रतियोगिता में 50 मीटर फ्री पिस्टल जूनियर महिला वर्ग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि 30 अगस्त 2025 को जयपुर में खेली गई 48वीं उप्र राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता में 300 में से 250 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतकर पूरे प्रदेश में श्रीराम कॉलेज का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय आगमन पर छात्रा दीपांजली राठी को श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के संस्थापक चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ द्वारा निशानेबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन करने पर उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल एवं निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने बीपीईएस की छात्रा दीपांजली को निशानेबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी और उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने छात्रा दीपांजली को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के उम्दा प्रदर्शन को बनाये रखते हुये पूरी लगन एवं मेहनत से नये कीर्तिमान बनाने की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. आरएस चौहान, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, डॉ. मनोज धीमान, निदेशक, ललित कला, डॉ. सुचित्रा त्यागी, डीन इंजीनियरिंग, विवेक कुमार त्यागी, विभागाध्यक्ष, बीबीए डॉ. अशफाक अली, वाणिज्य, डॉ. ओमप्रकाश कुशवाह, जेएमसी तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहें।



